हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 सितंबर 2026

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 गणेशोत्सव की तैयारियां तेज, मूर्तिकार दे रहे प्रतिमाओं ...



12 संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा...



खबर संक्षेप

कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

बलौदाबाजार। जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना पलारी अंतर्गत निवासी नगर पंचायत पलारी के शिवम उर्फ कथरी वर्मा पिता हेमलाल वर्मा, थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत निवासी ग्राम करहीबाजार के राहुल कुमार अंजान पिता अशोक अंजान एवं थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार के विकास जोशी पिता राजकुमार जोशी को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए हैं।

रायपुर-भाटापारा सेक्शन में मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग, 142685 का राजस्व प्राप्त हुआ



भाटापारा। यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से 1 सितम्बर, को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के स्टेशनों एवं ट्रेनों में रेलवे मजिस्ट्रेट मयंक सोनी के साथ में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह के साथ में उप मुख्य टिकट निरीक्षक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (टिकट चेकिंग), 13 टिकट चेकिंग स्टाफ, 04 रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं 6 जीआरपी स्टाफ शामिल थे। यह चेकिंग अभियान 5 ट्रेनों में एवं रायपुर- भाटापारा सेक्शन में चलाया गया। इस मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान में कुल 250 मामलों से 142685- रुपये बतौर जुर्माना राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें बिना टिकट के 109 मामलों से 90500 रूपये एवं अनियमित टिकट के 65 मामलों से 42685 रुपए अनबुक्ड लगेज के 75 मामलों से 8500 रुपए, गंदगी फैलाने वाले 01 मामले से 1000 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ।

भारतीय सेना भर्ती के लिए एडमिट कार्ड जारी

बलौदाबाजार। भारतीय सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा सेना में सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस पदों के लिये भर्ती का आयोजन इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज सागर मध्य प्रदेश में किया जाएगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) में सफल हुए सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक के लिए 12 अक्टूबर प्रातः 3 बजे तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस पदों के लिए 14 अक्टूबर प्रातः 5 का समय निर्धारित किया गया है। रैली में भाग लेने वाले योग्य उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा बने के लिए एडमिट कार्ड व सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नम्बर लेकर आना अनिवार्य है।

तिल्दा-नेवरा में सर्पदंश के केस बढ़े, दो महीने में 100 से अधिक मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

बारिश के मौसम के साथ तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में सर्पदंश के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पिछले दो महीनों में तिल्दा शहर सहित आसपास के गांवों से 100 से अधिक लोग सांप के काटने का शिकार होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं। अकेले अगस्त महीने में ही तिल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 45 सर्पदंश के मामले सामने आए हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि अधिकांश मरीजों को समय पर इलाज मिलने के कारण वे स्वस्थ होकर अस्पताल से लौटे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सर्पदंश से दो लोगों की मौत हुई है, लेकिन दोनों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा था।

तिल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष सिन्हा ने बताया कि निश्चित रूप से इस बार सर्पदंश के मामलों में वृद्धि हुई है। अस्पताल में दवाइयों के साथ एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का समय पर उपचार किया जा रहा है।डॉ. सिंह के मुताबिक, सर्पदंश के अधिकांश मामलों में सांप जहरीले नहीं होते, लेकिन किसी भी सांप के काटने के बाद लापरवाही करना खतरनाक हो सकता है। बारिश के मौसम में सामान्य तौर पर सर्पदंश के मामले बढ़ते हैं, लेकिन इस वर्ष इनकी संख्या अपेक्षाकृत अधिक है।

अब तक सर्पदंश से दो लोगों की मौत हुई



झाड़-फूंक और घरेलू उपचार से बचने की सलाह

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दिनों में जमीन पर सोने से बचें और रात में घर से निकलते समय विशेष सावधानी बरतें। यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले तो बैगा, झाड़-फूंक या घरेलू उपचार के चक्कर में समय बर्बाद न करें, बल्कि तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। समय पर अस्पताल पहुंचना ही सर्पदंश की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण है। तिल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी स्नेक वेनम समेत आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने की बात स्वास्थ्य विभाग ने कही है।

अपराध : महिला के थैले से 2 किलो 555 ग्राम गांजा बरामद

ऑपरेशन 'निश्चय' का असर, गांजा और शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा



यहां पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ और शराब के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 555 ग्राम गांजा, 86 पौवा अवैध शराब और बिक्री की नगदी बरामद की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 1 लाख 35 हजार 30 रुपये से अधिक बताई गई है।

पहली कार्रवाई एफसीआई गोदाम के पास की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिला नीले रंग की साड़ी पहनकर थैले में गांजा लेकर ग्राहक की तलाश कर रही है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर महिला को पकड़ा। तलाशी में उसके थैले से 2 किलो 555 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 25 हजार रुपये है, बरामद हुआ। मामले में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया।

वहीं दूसरी कार्रवाई दलाल तालाब, तिल्दा क्षेत्र में की गई। यहां पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोप में चुनिया देवार, उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 86 पौवा अवैध शराब, कीमत 9,580 रुपये, और बिक्री की 450 रुपये नगदी बरामद हुई। कुल जब्ती 10,030 रुपये की है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

पुलिस के मुताबिक ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत क्षेत्र में अवैध गांजा और शराब के परिवहन, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों पर निगरानी रखते हुए सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

कॉपर केबल चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार। ग्राम रवान स्थित अंबुजा सीमेंट प्लांट परिसर से कॉपर केबल वायर चोरी करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 25 हजार रुपए कीमत का साढ़े 25 फीट लंबा कॉपर केबल वायर और केबल काटने में प्रयुक्त कटर ब्लेड जब्त किया गया है।



पुलिस के अनुसार कृष्णायन कॉलोनी निवासी राजेश कुमार पांडे 65 ने 31 अगस्त को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अंबुजा सीमेंट प्लांट परिसर में रखा करीब 9-10 मीटर कॉपर केबल वायर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सूचना के आधार पर संदेही टिकेश्वर वर्मा 25 वर्ष और लक्की वर्मा 19 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार की। टिकेश्वर वर्मा के मेमोरेंडम के आधार पर उसके कब्जे से साढ़े 25 फीट कॉपर केबल वायर और कटर ब्लेड बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

ट्रक और क्रेटा में भिड़ंत दो की मौत, दो गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोपालपुर

खरोरा थाना क्षेत्र में रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर मंगोली चौक के पास मंगलवार सुबह ट्रक और क्रेटा कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में क्रेटा सवार दो लोग घायल हो गए एवं मृतक शिवम् साहू पिता बिरबल साहू, रामेश्वर कैयवर्त दो लोगों की मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही खरोरा पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए श्रीकृष्णा अस्पताल खरोरा रवाना किया। पुलिस के अनुसार हादसे में क्रेटा वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 6732 में घायल हुए ओम प्रकाश साहू, संजय साहू दोनों मृतक को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और उसके गृह ग्राम में दाह संस्कार किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। बताया गया कि सभी लोग क्रेटा कार नगरदा भटगांव से रायपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मंगोली चौक के पास उनकी कार की ट्रक क्रमांक यूपी 32 जेएन 2667 से टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। सूचना मिलने के बाद खरोरा पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ घटनास्थल पर यातायात व्यवस्था संभाली। फिलहाल रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर आवागमन सामान्य रूप से जारी है।



■ रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर हुआ हादसा

पुलिस ने 19 उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

थाना पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने उद्देश्य से असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 2 सितम्बर को पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्ति जो उपद्रवी प्रवृत्ति के है एवं शांति भंग कर सकते हैं विशेष निगरानी रखते हुए जिसमें गांव में अवैध शराब बेचने,शराब सेवन कर उपद्रव करते हुए अपनी पत्नी गांव के सांभ्रात नागरिको को परेशान करने की शिकायतें के आधार पर कुल 17 उपद्रवियों के खिलाफ त्वरित प्रतिबंधात्मक धारा में कार्यवाही कर सक्षम न्यायालय खरोरा पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने पर केंद्रीय जेल रायपुर भेजा गया। 2 विधि विरूद्ध संघर्षरत बालकों के खिलाफ पृथक से वैधानिक ▶▶ शेष पेज 10 पर

कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ व धमकी देने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कॉलेज छात्रा का रास्ता रोककर पीछा करने, जबरन बातचीत करने, छेड़छाड़ और जान से मारने व बदनाम करने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने 23 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाल रंग की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 आर 9895 और आईफोन-13 जब्त किया है।

■ बाइक और आईफोन जब्त, छात्रा की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



पुलिस के अनुसार कॉलेज छात्रा ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि कॉलेज आने-जाने के दौरान रोशन सिंह राजपूत उसका लगातार पीछा करता था। वह जबरन बातचीत करने और हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करता था। विरोध करने पर जान से मारने तथा बदनाम करने की धमकी देने का भी आरोप है। छात्रा के मना करने के बावजूद आरोपी द्वारा उसका पीछा कर फोन के माध्यम से मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 78(1), 79 और 351 (2) में मामला दर्ज ▶▶ शेष पेज 10 पर

साइबर ठगी से बचाव के लिए वरिष्ठ नागरिकों को दिए सुरक्षा के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

पुलिस के साइबर जागृति अभियान के तहत बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जिला स्तरीय साइबर जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों, पेंशनर्स संघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित 60 से अधिक वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

■ डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल और अधिकारी बनकर ठगी के तरीकों से कराया अवगत



कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा और सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक लखेश केंवट ने वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराध के बढ़ते तरीकों की जानकारी दी। अधिकारियों ने डिजिटल अरेस्ट, पुलिस, सीबीआई या ईडी अधिकारी बनकर की जाने वाली ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी, बैंकिंग फ्रॉड और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक संगठन अध्यक्ष श्याम शुक्ला, नागरिक सेवा समिति के आर.एन. वर्मा, ▶▶ शेष पेज 10 पर



पौसरी पंचायत में ग्रामीणों और महिलाओं ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

शराब पीने और बिक्री करने वालों पर लगेंगा अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रवान



ग्राम पंचायत पौसरी के महिलाओं ने सरपंच मंजुला देवी ध्रुव के नेतृत्व में सौ से अधिक महिला, पुरुष, बच्चों सहित लगातार तीन दिनों से शाम 6 से रात 8 बजे तक गांव के सभी गली मुहल्लों में शराब नहीं पीने व शराब नहीं बेचने का नारा लगाते हुए शराबियों व शराब कोचियों के विरुद्ध नारा लगाते हुए गांव के बाहर भी जहां शराबियों ने बैठकर शराब पीते हैं उन्हें शराब न पीने की सलाह दी जा रही है।

ग्राम पौसरी में विगत कई वर्षों से नियम कानून बनाया था कि गांव के कोई भी व्यक्ति शराब बेचते पकड़ाया तो उसे पचास हजार अर्थदंड एवं गांव के कोई भी दुकानो में खुला डिस्पोजल गिलास बिक्री करते पाया गया तो उस दुकानदारों को बीस हजार रूपए तथा गांव के सरहद से लेकर गली मुहल्लों में शराब पीते पकड़ाया तो उस व्यक्तियों को दस हजार अर्थदंड देने होंगे। सरपंच मंजुला देवी ध्रुव के साथ पंच दिलेश्वरी ध्रुव, ललित रजक, चमेली वर्मा, रंजिता वर्मा, दिलेश्वरी निषाद, किसन औधेलिया साथ में सुनीता रजक, लोमिन, लखेश्वरी वर्मा, सोनिया संतोषी, भवाना यादव, सुमित्रा ध्रुव, सरिता यादव, जागेश्वरी लता वर्मा, भागमती, रामबाई, सगुना यादव, बृहस्पति, सरस्वती, मीडिएशन पुनीत राम वर्मा, अनिल सेन, बुधराम वर्मा, शत्रुहन वर्मा, खिलेश्वर वर्मा, भिखम ध्रुव, भुनेश्वर, संतोष कुमार तथा सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण साथ रहे।

ईदगाह कॉम्प्लेक्स के सामने जर्जर सड़क, मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-सिमगा मुख्य मार्ग पर ईदगाह कॉम्प्लेक्स के सामने जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़क को लेकर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को आवेदन सौंपकर तत्काल मरम्मत और सुधार कार्य कराने की मांग की है।

शेख सलमान ने बताया कि ईदगाह कॉम्प्लेक्स के सामने ऑटो स्टैंड होने के कारण यह क्षेत्र दिनभर व्यस्त रहता है। यहां बड़ी संख्या में ऑटो के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं और नागरिकों का भी आवागमन होता है। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।



सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से होने के कारण वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ अन्य वाहन चालकों के लिए भी दुर्घटना का ▶▶ शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप



सेवानिवृत प्रधानपाठक को दी विदाई

भटगांव। प्राथमिक शाला पीपर भावना में पदस्थ प्रधान पाठक राजेंद्र राय सेवानिवृत हुए। आयोजित सम्मान समारोह में संघ के विशेष सलाहकार गिरजा शंकर धीवर, पूर्व सहायक विकास प्रशिक्षण अधिकारी बिलाईगढ़ पूर्व डीएमसी सारंगढ़ बिलाईगढ़ पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड बरमकेला शिक्षक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, विकासखंड बिलाड़ागढ़ के अध्यक्ष अश्वनी कुमार, जाटवार परिक्षेत्र के अध्यक्ष फिरत राम सायतोड़े, जिला के सहसचिव दरस राम राजेत्री, विकासखंड के संकुल केंद्र भटगांव के समन्वयक शिव कुमार देवांगन, ग्राम पंचायत पीपर भवना के पूर्व सरपंच धनीराम साहू की उपस्थित रही।

जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का आगाज



लवन। नगर स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डीके ठाकुर ने किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डीके ठाकुर ने कहा कि हिंदी जन-मन की भाषा है और यह हम सभी को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करती है। उन्होंने हिंदी के बढ़ते वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज विदेशों में भी हिंदी की पहचान और स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने हिंदी की भाषाई विरासत का उल्लेख करते हुए इसे देश की एकता का मजबूत आधार बताया। इस अवसर पर विद्यालय के राजभाषा अधिकारी प्रमोद कुमार ने दैनिक जीवन में हिंदी के आधिकारिक महत्व तथा इसके अधिकाधिक प्रयोग की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 9वीं की छात्रा कंचन साहू ने किया, जिसकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ राजभाषा प्रभारी ने हिन्दी पख़वाड़े के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षक दुर्गेश चंद्र, सत्येंद्र पांडे, यच पी पटेल, प्रशांत गायकवाड़, राजेंद्र सिक्का और सभी शिक्षक उपस्थित थे।

साहू समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

महासमुंद। सांकरा के पुराने जोंक नदी स्थित मंदिर परिसर में साहू समाज और क्षेत्रीय ग्रामीणों की बैठक हुई। समाज ने कहा कि गबौद निवासी भागीराम साहू 3 दिन पहले पुराने जोंक पुल पर कार की टक्कर से नदी में लापता हो गए हैं। शासन-प्रशासन की लापरवाही के कारण आज परिजनों को परेशानी और समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



तिल्दा-नेवरा



कमरछठ : सगरी सजाकर की पूजा-अर्चना, पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों से तैयार हुआ प्रसाद

संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

संतान की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और परिवार की मंगल कामना को लेकर बुधवार को महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ कमरछठ यानी हलषष्ठी का व्रत रखा। महिलाओं ने दिनभर उपवास कर शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और संतान के उज्ज्वल भविष्य एवं लंबी उम्र की कामना की। वहीं संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दंपतियों ने भी श्रद्धापूर्वक यह व्रत किया। व्रत के दौरान महिलाएओं ने सगरी बनाकर उसमें छह प्रकार के खिलौने रखें और पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना की।

पूजा में भैंस के दूध, दही और घी के साथ लाई, महुआ, तिल और अरहर सहित छह प्रकार के अन्न का भोग चढ़ाया। पूजा के बाद पसहर चावल और छह प्रकार की भाजी से तैयार प्रसाद ग्रहण कर व्रत खोला गया। कमर छठ पर्व को लेकर घरों में धार्मिक माहौल बना रहा। छत्तीसगढ़ में यह त्योहार कमरछठ या खमर छठ के नाम से जाना जाता है। संतान के दीर्घायु की कामना से माताएं यह व्रत रखती हैं। विधि-विधान से पूजा करती हैं। कमर छठ में पूजा के बाद बच्चों को लेकर एक विशेष रस्म निभाते हैं। कई माताएओ ने बच्चों की पीठ पर पीली पोती लगाईऔर उनकी दीर्घायु और नजर-दोष से रक्षा की कामना की। इस मौके पर कई जगहों और मंदिरों में सामूहिक पूजा की गई

तिल्दा नेवरा शहर के सभी 22 वार्ड में कमरछठ की विशेष पूजा कर मातांओ ने कथा सुनी। बनियापारा केसरवानी मोहल्ला में राधा कृष्ण मंदिर में मेले जैसा माहौल दिखा। यहां व्रती माताएं हाथों में पूजा का थाल लेकर पहुंची थी। मंदिर परिसर में सामूहिक पूजा करने के बाद मंदिर के पंडित ने कमर छठ की कथा सुनाई। पश्चात भगवान शिव की आरती की गई। शिक्षक कॉलोनी में तीन स्थानों पर सामूहिक कथा एवं पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया सभी स्थान पर अलग-अलग पंडितों ने पूजा कराई और कथा सुनाई। शिक्षक कॉलोनी के शिव मंदिर में सुमन गोस्वामी ने कथा सुनाई। वही मंदिर से लगे अन्य शिव मंदिर में पंडित दीवान ने सामूहिक पूजा कराई और कथा सुनाई।

संतान की खुशहाली के लिए माताओं ने रखा व्रत

पलारी। बुधवार को नगर सहित अंचल में हलषष्ठी कमरछठ पर संतान प्राप्ति एवं खुशहाली माताओं द्वारा निर्जला व्रत रखा गया। मिट्टी के बैल शिवलिंग गौरी गणेश नाव को श्रद्धा पूर्वक बनाकर साथ में महुवा के फूल,पत्ते, बेल पत्र और भैंस के दूध,दही,घी,पसहर चावल, काशी, आम्रपत्र, लाई, छः प्रकार के खिलौने आदि सामग्री के साथ सगरी बनाकर पूजन थाल लेकर गोल घेरा बनाकर पूजन सामग्री से पुजन किया।

वही ग्रामीण अंचल के धमनी, बांसबिनोरी, कोसमंदा,छड़िया सोनारदेवरी, नगर पंचायत रोहांसी, बिनोरी, वटगन कौड़िया ओड़ान, सीसदेवरी भवानीपुर, घिरघोल, दतान प आदि प्रत्येक ग्रामों में



महिलाओं ने चावल के बदले, महुआ का दातुन, दोना,पत्तल लिया पश्चात महिलाओं ने सामूहिक रूप से संतान की खुशहाली के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना की।

कमरछट तिहार श्रद्धा और उत्साह से मना

करहीबाजार। स्थित महामाया प्रांगण में कमरछट तिहार श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं शामिल हुए और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की। तिहार को लेकर महामाया प्रांगण में सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगल की कामना की। इस दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन में स्थानीय लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी रही। कमर्थ तिहार के अवसर पर महामाया प्रांगण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर नजर आया।



हलषष्ठी पर माताओं ने की संतान की दीर्घायु की कामना



सेल। संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व हलषष्ठी पर माताओं ने दिनभर व्रत रखकर भगवान बलराम और माता हलषष्ठी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साहू समाज के प्रांगण सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ रही। महिलाओं ने कुंड बनाकर उसे फूल-पत्तियों व काशी घास से सजाया और व्रत कथा का सामूहिक श्रवण किया। पूजा में पसहर चावल, छह प्रकार की भाजी, महुआ के पत्तल-दोने, दातून और अन्य पारंपरिक सामग्री का उपयोग किया गया। पर्व के चलते बाजार में भैंस के दूध, दही और घी की मांग भी बढ़ी। सुतियापारा सेल में कीर्ति पाण्डे, अनुसूईया (गौरी) पाण्डेय, मंदाकनी वैष्णव, पुष्पा साहू, सुरहुती साहू, माधुरी साहू, चंद्रकला साहू, कृष्णा साहू, भगवती साहू, सविता कैवर्त्य, त्रिवंकल कैवर्त्य, वीणा साहू, हीरा बाई साहू, सरोज साहू, दुर्गा साहू, शारदा साहू, फुलेश्वरी वर्मा, नीरा जायसवाल, दुर्गा जायसवाल, मोहनी साहू, सुषमा साहू, राधा साहू, गंगोत्री साहू, संतोषी जायसवाल, पिंकी साहू, ज्योतिष साहू, पार्वती साहू, अंजू साहू और कविता जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

महिलाओं ने किया हलषष्ठी पूजन



बलौदाबाजार। जिला मुख्यालय में बुधवार को महिलाओं ने हलषष्ठी का पर्व मनाया। संतान की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं ने दिनभर व्रत रखा और विधि-विधान से हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अनुष्ठान किया गया।गार्डन चौक स्थित वीनम श्रीवास्तव के निवास पर हलषष्ठी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। महिलाओं ने सामूहिक रूप से सगरी तैयार कर पूजा स्थल को पारंपरिक तरीके से सजाया। इसके बाद हलषष्ठी माता की स्थापना कर जल, फूल, बेलपत्र, भैंस के दूध-दही, घी, लाई, महुए के फूल सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। पूजन के दौरान महिलाओं ने हलषष्ठी व्रत की कथा का सामूहिक श्रवण किया तथा संतान की लंबी उम्र और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। पूजा में छह प्रकार की सामग्री और छह भाजी का विशेष महत्व रहा। महिलाओं ने पारंपरिक विधि से पूजा संपन्न करने के बाद व्रत का पारण किया।

माताओं ने रखा निर्जला व्रत



कसडोल। ग्राम पंचायत छरछेद में हलषष्ठी का पर्व मनाया गया। गांव की माताओं ने अपनी संतानों की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हुए दिनभर निर्जला उपवास रखा और पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की।पर्व के अवसर पर गांव के विभिन्न पारा-मोहल्लों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से सगरी छोटा जलकुंड का निर्माण किया। सगरी के चारों ओर बेर, महुआ, पलाश की डालियों और कांस के फूलों से आकर्षक वेदी सजाई गई। पूजा स्थल पर एकत्र होकर महिलाओं ने कमरछठ की पारंपरिक छह कथाएं सुनीं और भगवान शिव-पार्वती सहित हलधर बलराम की आराधना की। पूजा संपन्न होने के बाद माताओं ने कांस व नए कपड़े से बने 'पोता' से बच्चों की पीठ पर थपकी देकर उन्हें दीर्घायु और निरोगी जीवन का आशीर्वाद दिया। इस व्रत की विशेष परंपरा के अनुसार महिलाओं ने हल से जुते खेतों के अन्न का पूर्ण त्याग किया। पूजा और फलाहार के लिए बिना जुताई के उगने वाले पसहर (तिन्नी) चावल तथा मखना, कर्मत्ता, पोई, चेच व मुनगा जैसी छह प्रकार की मौसमी भाजियों का उपयोग किया गया। इसके साथ ही गाय के दूध-घी का उपयोग वर्जित रखकर केवल भैंस के दूध, दही और घी से नैवेद्य तैयार किया गया। अंत में महुआ के पत्तों से बने दोने-पत्तल में पसहर चावल और भाजियों का पारण कर माताओं ने व्रत पूरा किया। दिनभर पूरे गांव में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा।

महिलाओं ने संतानों की दीर्घायु की कामना की

बगबुड़ा। ग्राम पंचायत बगबुड़ा सहित ग्रामीण अंचलों कोरदा, लवन, कोलिहा और खमरिया में कमरछठ (हलषष्ठी) पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने संतानों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना को लेकर दिनभर व्रत रखा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बगबुड़ा, कोरदा, लवन, कोलिहा और खमरिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कमरछठ पर्व के चलते धार्मिक वातावरण बना रहा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। शाम को पूजा और कथा के पश्चात महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत का पारण किया।





रिसदा में मना हलषष्ठी का पर्व

रिसदा। ग्राम रिसदा में माताओं ने अपने बच्चों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ हलषष्ठी (कमरछठ) का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर गांव के विभिन्न मोहल्लों में महिलाओं ने एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पर्व के अवसर पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव, माता पार्वती और हलधर बलराम की पूजा की। पूजा स्थल पर गड्ढा खोदकर उसमें 'सगरी' तालाब बनाई गई, जिसे जल से भरकर बेर, पलास, कुश और कांसी की शाखाएँ लगाई गईं। माताओं ने सगरी के समक्ष बैठकर हलषष्ठी की कथा सुनी और अपने बच्चों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पसहर चावल बिना हल जुते खेतों का चावल और छह प्रकार की भाजियों (चौलाई, मुनगा, लाल भाजी आदि) का प्रसाद बनाकर भोग लगाया गया।

सगरी में जल अर्पित कर माताओं ने संतान की मंगलकामना की

हिरमी रावन। बुधवार को हिरमी अंचल में कमरछठ का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ हिरमी में व्रती महिलाओं ने सगरी का निर्माण कर भगवान श्री बलराम एवं माता षष्ठी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान मौसम खराब होने और लगातार बारिश के बावजूद महिलाओं की श्रद्धा में कोई कमी नहीं आई। बारिश के बीच व्रती महिलाओं ने सगरी में जल अर्पित कर अपनी संतानों के सुखी, स्वस्थ और दीर्घ जीवन की मंगलकामना की। गायत्री मंदिर के पुजारी श्यामसुंदर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात उन्होंने महिलाओं को हलषष्ठी व्रत की पौराणिक कथा सुनाई। इस अवसर पर सीमा वर्मा, शैल वर्मा, टाकेश्वरी साहू, कुसुम जायसवाल, चित्ररेखा, राधा सिन्हा, भुनेश्वरी पटेल, पूनम साहू, नीतू, नेहा, आरती वर्मा, दुर्गा साहू, पूर्णिमा, सीता धुरंधर एवं राजेश्वरी वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं उपस्थित रहीं।





माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

सिमगा। नगर एवं अंचल में रिमझिम बारिश के बावजूद हलषष्ठी माता के प्रति महिलाओं की आस्था नहीं टूटी। जगह जगह सगरी बना कर माताओं ने विधि विधान से कमरछठ याने हल षष्ठी की पूजा की। नगर एवं अंचल के अधिकांश घरों में आज संतान की दीर्घायु, सुख, समृद्धि, के लिए माताओं ने सगरी बना कर विधि विधान से हलषष्ठी माता की पूजा अर्चना की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हलषष्ठी का व्रत संतान की लम्बी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य, एवं खुशहाल जीवन के लिए रखा जाता है । यह पर्व भाद्र मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है।

पेज 9 के शेष

पुलिस ने 19...

कार्यवाही की जा रही है। जिन पर कार्रवाई की गई उसमें सलीम मारकंडेय धौराभाठा थाना खरोरा, संजीव कुमार मारकंडेय 32 वर्ष धौराभाठा , शुभम कुमार तिवारी 33 साल रायखेड़ा, कृष्णा धीवर 25 साल रायखेड़ा , गोपी धीवर 29 साल - कुर्रा बंगोली, नरेन्द्र बांधे 38 साल परसवानी, बालकृष्ण धीवर 35 साल भैंसा - रायखेड़ा, गोलू मरकाम 32 साल अड़सेना, चन्द्रशेखर साहू 36 साल - रायखेड़ा, क्रिश सेन 20 साल कुम्हारी (जारा), कुलदीप बंजारे 30 साल चिचोली, राजा साहू 32 साल रायखेड़ा, किशन साहू 33 साल सारागांव, कृतभूषण यादव 19 साल सारागांव, दौलत यादव 23 साल केंवतरा, हिरेन्द्र यादव 27 साल पता- सारागांव, नेतुराम गायकवाड़ 48 साल पता- परसवानीथाना खरोरा शामिल हैं।

कॉलेज छात्रा से ...

कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया।

पूछताछ के बाद आरोपी रोशन सिंह राजपूत, पिता उदय सिंह, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम रवान, वार्ड नंबर 14, थाना सिटी कोतवाली, बलौदाबाजार को 1 सितंबर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की। पीड़िता की पहचान और पता गोपनीय रखा गया है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में महिला एवं बालिका संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

साइबर ठगी से बचाव ...

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एस.एन. पाध्येय, छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ अध्यक्ष तारण सिंह ठाकुर, स्वदेशी जागरण मंच के जय नारायण केसरवानी, शिक्षक संघ के सरदार बलविंदर सिह, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज अध्यक्ष खोडस कश्यप, नगर संघ प्रमुख राजनारायण केशरवानी और सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. निशा झा सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।डॉ. निशा झा ने अपने साथ हुए साइबर अपराध के प्रयास का अनुभव साझा करते हुए बताया कि सतर्कता के कारण वह ठगी का शिकार होने से बचीं। वरिष्ठ नागरिकों ने ऑनलाइन बैंकिंग, अनजान वीडियो कॉल और डिजिटल अरेस्ट को लेकर सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने समाधान किया। पुलिस ने अपील की कि अनजान व्यक्ति से ओटीपी, पिन, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

ईदगाह कॉम्प्लेक्स के...

खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग बलौदाबाजार शहर को ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों में शामिल है। प्रतिदिन किसान, मजदूर, विद्यार्थी और अन्य ग्रामीण नागरिक इस मार्ग से शहर पहुंचते हैं। ऑटो स्टैंड के कारण यातायात का दबाव भी अधिक रहता है। इसके बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

प्राथमिकता से हो सुधार कार्य: नेता प्रतिपक्ष ने पीडब्ल्यूडी से मौके का तत्काल निरीक्षण कर सड़क की स्थिति का जायजा लेने और आवश्यक मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक यातायात वाले इस स्थान पर सड़क को सुरक्षित और सुगम बनाना जरूरी है, ताकि आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

कृष्ण जन्माष्टमी पर तीन दिवसीय मेला आज से

गिधौरी। ग्राम गिधौरी में कृष्ण जन्माष्टमी पर तीन दिवसीय 3 से 5 सितम्बर तक प्रथम बार इस वर्ष मेले का आयोजन किया गया है। इसमें मेले में श्रद्धालुओं एवं आमजनों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के आकर्षक कार्यक्रम एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। मेले का प्रमुख आकर्षण मटका फोड़ प्रतियोगिता की आयोजन किया गया है और जिसमें विजेता को 31 हजार का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं एवं क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

तीन दिवसीय मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, मौत का कुआं, मीना



बाजार, जलपरी सहित मनोरंजन के अनेक साधन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके साथ ही विशेष संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। कृष्ण जन्माषटमी पर कृष्ण राधा की झांकी बाजे गाजे साथ गली मुहल्ले तथा बस स्टैंड तक मटका फोडते हुए भ्रमण किया जायेगा और कृष्ण राधा की झांकी गिधौरी दशहरा मैदान तक जावेगी तथा मटका फोड प्रतियोगिता पर मटका फोड टीम भाग लेंगे और विजेता टीम को प्रथम ईनाम दिया जावेगा।

खबर संक्षेप

जोगीडीपा में फोटोग्राफर के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम जोगीडीपा में एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम जोगीडीपा के यशवंत कुमार बंजारा ने बताया कि वे फोटोग्राफी का काम करता है। 1 सितंबर को वह अपने साथी वजीर मियां के साथ रात्रि करीबन 10.30 बजे चाय दुकान जोगीडीपा में गुटखा खरीदने के लिये रूके थे, तभी ग्राम जोगीडीपा निवासी जगत कुमार जांगडे एवं यादराम साहू ने पैसा क्यों नही दे रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बिजनेस साइट

पीलिया और एनीमिया, तरन को 10 दिन में मिली नई जिंदगी

बलौदाबाजार। गंभीर पीलिया और एनीमिया से जूझ रहे 11 वर्षीय मास्टर तरन की हालत में श्री राम हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने सफल उपचार के बाद उल्लेखनीय सुधार किया। अस्पताल पहुंचने के समय बच्चे के शरीर और आंखों में गहरा पीलापन था। जांच में बिलिरुबिन का स्तर 38.9 एमजी से



अधिक और ही मो ग लो बि न महज 6 ग्राम पाया गया। जांच में हेपेटाइटिस-ए पॉजिटिव भी मिला।बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. साकेत कुमार मेहता के मार्गदर्शन में टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। बच्चे को आवश्यक लिवर सपोर्टिव उपचार और दवाइयां दी गईं। गंभीर एनीमिया को देखते हुए दो यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक आधान किया गया। लगातार निगरानी और विशेषज्ञ देखभाल के बाद 10 दिनों में बच्चे की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

गणेशोत्सव की तैयारियां तेज, मूर्तिकार दे रहे प्रतिमाओं को अंतिम रंग-रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन



गणेश चतुर्थी के पर्व में अब महज 12 दिन शेष हैं। आगामी 14 सितंबर को गणपति प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर अंचल के मोहरा, बरडीह, भालेसुर, हिरमी, कुथरौद, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में तैयारियां तेजहो गई हैं। एक ओर जहां मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमाओं को ंतिम रंग-रोगन देकर आकर्षक स्वरूप देने में जुटे

हैं, वहीं दूसरी ओर गणेश उत्सव समितियों ने पंडालों की साज-सज्जा और आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मोहरा में मूर्तिकार खुमान वर्मा द्वारा विभिन्न आकार और स्वरूप की गणेश प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं।

प्रतिमाओं पर अंतिम रंग चढ़ाने का कार्य तेजी से चल रहा है। मूर्तिकार खुमान वर्मा ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओंमें कम कीमत वाली गणेश प्रतिमाओं की अधिक मांग देखने को मिल रही है। विशेषकर 5 से 8 हजार रुपये तक की प्रतिमाओं के लिए लोग पूछताछ कर रहे हैं।मूर्तिकारों का कहना है कि गणेशोत्सव नजदीक आते ही प्रतिमाओं की मांग बढ़ने लगी है। कई श्रद्धालु अपनी पसंद के अनुसार प्रतिमाओं की बुकिंग भी करा रहे हैं। रंग-बिरंगी सजावट, विद्युत झालरों और अन्य तैयारियों का काम शुरू हो चुका है।

सीसी रोड, धान मंडी शेड एवं स्कूल खेल मैदान में फेंसिंग सहित निर्माण कार्यों की होगी शुरुआत

नवापारा पंचायत में होगा विकास कार्य, किया भूमि पूजन, बुनियादी सुविधाओं को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद



ग्राम पंचायत नवापारा में बुधवार को विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा जी की स्वीकृति से होने वाले इन विकास कार्यों का भूमि पूजन जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, सरपंच डोमार सिंह मार्कंडेय, उपसरपंच लोकनाथ वर्मा,पंचगण एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया।

भूमि पूजन के अंतर्गत ग्राम में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की शुरुआत की जा रही है। इनमें शुकुल के घर से लाल बाधा तक सीसी रोड निर्माण, धान मंडी में चबूतरा पर शेड निर्माण, मिथलेश मूर्तिकार के घर से साध राम के घर तक सीसी रोड निर्माण तथा स्कूल खेल मैदान में फेंसिंग जाली-तार निर्माण शामिल हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने वाले इन कार्यों से नवापारा के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने विकास कार्यों को ग्राम की आवश्यकताओं के अनुरूप महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में पंच गिरीश शर्मा, गोमेंद निषाद, दिलीप वर्मा, ममता तिवारी, सुनीता देवांगन, सरिता पाल, दिनेश्वरी वर्मा एवं रुक्मणी वर्मा सहित ग्रामीणों में विशेषर सिंह पाल, कमलनारायण शर्मा ग्राम पटेल, हलधर शर्मा, बुधेश्वर वर्मा, केदार वर्मा, टेक राम निषाद सोसायटी अध्यक्ष एवं सोसायटी के समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

इस अवसर पर ग्रामवासियों, सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही दौलत राम पाल एवं सभी जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना करते हुए ग्राम के विकास के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

फुलवारी-भोथाडीह में विकास कार्यों का भूमि पूजन

हिरमी रावन। मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा से ग्राम फुलवारी एवं ग्राम भोथाडीह में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभापति मोहन लाल वर्मा उपस्थित रहे। जिला पंचायत सभापति मोहन लाल वर्मा ने बताया कि मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा से स्वीकृत कार्यों के तहत स्कूल परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में शेड निर्माण कराया जाएगा। अतिरिक्त कक्ष बनने से विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। वहीं सहकारी समिति में शेड निर्माण से किसानों को खाद-बीज एवं अन्य कृषि संबंधी कार्यों के दौरान सुविधा और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। भूमि पूजन समारोह में जनपद पंचायत सिमगा अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जनपद सदस्य राजू यादव, भोथाडीह सरपंच प्रीति धनेश निर्मलकर, उपसरपंच मालती श्रीराम साहू, फुलवारी सरपंच बैसाखू राम ध्रुव, उपसरपंच जया साहू, तिल्दाबांधा सरपंच प्रतिनिधि अनिल यादव, सहकारी समिति अध्यक्ष भारत लाल साहू सहित शिक्षा विभाग से पीएन जांगड़े, डीएस वर्मा, जीपी वर्मा, बीके डांडेकर, आर.के. साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



सेवानिवृत्ति पर प्रधानपाठक अश्वनी कुमार को दी विदाई, संकुल परिवार ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

प्राथमिक शाला खपरीकला के प्रधान अध्यापक अश्वनी कुमार पटेल के सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, संकुल परिवार खपरीकला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत खपरीकला के सरपंच रामेश्वर साहू, अध्यक्षता संकुल प्राचार्य पी तिर्की, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपरीकला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप सरपंच अल्का-राम अवतार साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल.डी. सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल.के. जाहिरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक देवेन्द्र सिंह ठाकुर, बीएनबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार चंदानी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान अश्वनी कुमार पटेल को शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। संकुल परिवार एवं सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए सेवाकाल के आत्मीय संस्मरण साझा किए, जिससे समारोह का वातावरण भावुक होने के साथ-साथ सम्मान और आत्मीयता से भर गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षक का सेवाकाल भले ही सेवानिवृत्ति के साथ समाप्त होता है, लेकिन उनके द्वारा विद्यार्थियों एवं समाज के लिए किए गए कार्य और दिए गए संस्कार सदैव स्मरणीय रहते हैं।

पलारी में लगा निःशुल्क आयुष चिकित्सा और जनजागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर पंचायत पलारी के वार्ड 6, तारण चौक में बुधवार को निःशुल्क आयुष चिकित्सा एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है। ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों से लोगों को अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच, उपचार एवं उचित परामर्श आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद डोमार सिंह वर्मा एवं लोकेश कन्नौजे सहित नगरवासी उपस्थित रहे। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों डॉ. तारिका ठाकुर, डॉ. माधुरी डहरिया, डॉ. नेकेदत्त एवं डॉ. आंचल गनवीर द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। साथ ही फार्मासिस्ट द्वारिका पैकरा एवं विनोद कुमार कुर्रे, औषधालय सेवक तिलक राम खुटे एवं मेघनाथ बंजारे, त्रिलोक कुमार यादव एवं हेमलता चौहान ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में जोड़ो का दर्द, गठियावात, कमर व गर्दन दर्द, सोरायसिस, सफेद दाग, एलर्जी, दमा, श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा सहित विभिन्न रोगों का परामर्श एवं उपचार किया गया। इसके अलावा नेत्र जांच, दंत रोग, शुगर एवं बीपी जांच की सुविधा भी उपलब्ध रही।



राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध खेल का आयोजन



सिमगा। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में जिला ओलंपिक संघ बलोदा बाजार एवं क्रीड़ा भारतीय के संयुक्त तत्वाधान में खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जिले के विभिन्न जगहों पर विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन एवं योगदान को याद करते हुए, उनके तस्वीर की पूजा अर्चना कर खेल प्रारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी खिलाड़ियों, कोच एवं अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को आगे बढ़ाना है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला ओलंपिक संघ बलोदा बाजार के सचिव आदित्य सिंह ने मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है केवल उसे उचित मंच देने की आवश्यकता है। इन प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कुथरौद ए कुथरौद बी नवापारा और ओटगन के बीच मुकाबला हुआ। जिसके फाइनल मुकाबले में कुथरौद ने सिमगा को को 2-1 से हरा कर विजय प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में नवापारा ए ने नवापारा ब को 2-0 से परास्त किया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच डोमार सिंह मारकंडे, पूर्व खिलाड़ी भोलाराम वर्मा, अश्वनी वर्मा सहित गांव के समस्त खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

व्याख्याता के सेवानिवृत्ति पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाटापारा में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता जीपी वर्मा भूगोल के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा, शिक्षकगण, कर्मचारी, छात्र तथा वर्मा के परिवारजन तथा मित्र शामिल हुए।

वर्मा अनुशासनप्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक के रूप में विद्यालय में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे। भूगोल विषय के अध्यापन के साथ-साथ उनकी खेलकूद, गीत-संगीत एवं अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी विशेष रुचि रही। उन्होंने विद्यार्थियों को इन गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें गीत-संगीत एवं खेलकूद का प्रशिक्षण भी दिया।प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा ने जी. पी. वर्मा को सेवानिवृत्ति पर बधाई दीं। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से प्रतिनिधि शिक्षकों एवं परिवारजनों द्वारा जी. पी. वर्मा को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

चार गांवों में तालाबों का गहरीकरण, 2.19 करोड़ लीटर से अधिक बढ़ी जल संग्रहण क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



ग्रामीण क्षेत्रों में जल सुरक्षा और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री सीमेंट की सीएसआर इकाई श्री फाउंडेशन ने बलौदाबाजार क्षेत्र के चार गांवों में जल संरक्षण की पहल की है। चंडी, करही, खपराडीह और सेमराडीह में पारंपरिक तालाबों की साफ-सफाई और गहरीकरण का काम पूरा किया गया है। इससे इन जल स्रोतों की कुल संग्रहण क्षमता में 21,925 किलोलीटर यानी करीब 2.19 करोड़ लीटर की वृद्धि हुई है।

तालाबों के पुनरुद्धार से बारिश के पानी के अधिक संचयन के साथ आसपास के जल स्रोतों और भूजल स्तर में सुधार होने की उम्मीद है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, तालाबों में पानी की उपलब्धता बढ़ने से बोरवेल के जलस्तर को भी लाभ मिल रहा है। इसका सीधा फायदा किसानों को रबी फसल के लिए सिंचाई सुविधा के रूप में मिल रहा है।

श्री रायपुर परियोजना के इकाई प्रमुख ने कहा कि प्रभावी जल प्रबंधन ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण आधार है।

मत्स्य पालन और पशुओं को भी लाभ

तालाबों में पर्याप्त गहराई होने से मत्स्य पालन के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं। इससे ग्रामीणों और किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर बढ़ने की संभावना है। वहीं गर्मी के मौसम में मवेशियों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी ये तालाब उपयोगी साबित हो रहे हैं। तालाबों में पानी की उपलब्धता से आसपास के पेड़-पौधों और पर्यावरण को भी लाभ मिल रहा है। ग्रामीण इन जल स्रोतों का उपयोग घरेलू कार्यों और अन्य जरूरतों के लिए भी कर रहे हैं।



खबर संक्षेप

नीट की परीक्षा में सफल हुए महिपेंद्र ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

गिधौरी। ग्राम सेमरा गिधौरी के महिपेंद्र रात्रे ने 20 वर्ष की उम्र में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त किया है। उन्हें स्व. अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में एमबीबीएस सीट मिली है। उनकी उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। महिपेंद्र शासकीय हाईस्कूल कुम्हारी में पदस्थ शिक्षिका रेवती दादूराम रात्रे के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के त्याग, परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। संकुल केंद्र कुम्हारी के शिक्षकों सहित परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



वैकल्पिक फसलों पर मिलेगी 15000 प्रोत्साहन राशि

खरोरा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत फसल लेने वाले किसानों के प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर 15000 प्रति एकड़ करने की फैसला किया है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा एवं पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति खरोरा रमेश शर्मा ने कहा कि किसानों को पारंपरिक धान की खेती के स्थान पर दलहन तिलहन सहित अन्य लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। कृषि उन्नति योजना के तहत अब तक मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, दलहन, तिलहन एवं कपास जैसी खरीफ फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 10000 की प्रोत्साहन राशि दी जा रही थी।



पर्व : सगरी सजाकर शिव-पार्वती और हलषष्ठी माता की पूजा, छह प्रकार के भोग अर्पित किए

संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर बुधवार को शहर में महिलाओं ने हलषष्ठी का व्रत रखा। महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर मोहल्लों में सगरी तैयार की और विधि-विधान से हलषष्ठी माता, भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना की।

पूजा के लिए महिलाओं ने चौक-चौराहों पर सगरी बनाकर उसे पारंपरिक तरीके से सजाया। इसके बाद हलषष्ठी माता की स्थापना कर पूजा की गई। ममता और संतान के प्रति समर्पण से जुड़े इस पर्व में छह अंक का विशेष महत्व माना जाता है। पूजा में छह प्रकार के भोग अर्पित किए गए। वहीं भौरा, गिल्ली-डंडा, नाव, कंचे सहित छह प्रकार के पारंपरिक खिलौने भी अर्पित किए गए।

पूजन के दौरान महिलाओं ने हलषष्ठी माता से जुड़ी छह कथाओं का श्रवण किया। सगरी में छह बार जल अर्पित करने के साथ बेलपत्र, भैंस का दूध, दही, घी, फूल, कांसी के फूल, श्रृंगार सामग्री, लाई और महुए के फूल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। पूजा के समापन के बाद माताओं ने अपनी संतान की पीठ पर कपड़े की पोटली से छह बार थाप लगाई। इसके बाद छह प्रकार की भाजियों का सेवन कर महिलाओं ने अपना व्रत पूर्ण किया। पूरे आयोजन के दौरान महिलाओं में उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा।



माताओं ने रखी हलषष्ठी व्रत

बंगोली। कमरछठ, हलषष्ठी पर्व माताओं द्वारा बुधवार को मनाया गया। कमरछठ के दिन माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी जीवन की कामना लिये यह व्रत रखा। पंडित प्रमोद कुमार शर्मा ने व्रती माताओं को ग्वालिन की कथा,राजा और बहू की कथा सुनाई। भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम से है जिसका प्रमुख अस्त्र हल है और इनका जन्म भाद्र पद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हुआ था। इसी कारण इस दिन को हल षष्ठी के रुप मे मनाया गया। कमरछठ, हलषष्ठी की कथा में व्रती माताओं को गाय के दूध को भैंस का दूध बताकर,झूठ बोलकर बेचने वाली ग्वालिन की कथा है।





अंचल में मना हलषष्ठी पर्व

लवन। अंचल में हलषष्ठी का पर्व मनाया गया। माताओं ने संतान की दीर्घायु और कुशलता की कामना के लिए व्रत रखा। सगरी में बेलपत्र, भैंस का दूध, दही, घी, फूल, कांसी के फूल, श्रृंगार का सामान, लाई और महुए का फूल चढ़ाया गया। इसके बाद महिलाएं हलषष्ठी माता व्रत की कथा सुनी।

महिलाओं ने की भगवान बलराम और माता हलषष्ठी की पूजा

सुहेला। पारंपरिक पर्व हलषष्ठी कमरछठ त्यौहार की धूम सुहेला अंचल में देखने को मिली। संतान की लंबी उम्र,सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर माताएं दिनभर उपवास रखकर विधि-विधान से भगवान बलराम और माता हलषष्ठी की पूजा-अर्चना की।

सुबह से ही मंदिरों और पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। ग्रामीण अंचलों में यह पर्व आज भी पूरी तरह पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोक मान्यताओं के साथ मनाया जा रहा है।

हलषष्ठी की सबसे खास परंपरा है कि इस दिन हल से जुती हुई जमीन में पैदा होने वाले अनाज और खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं किया जाता। महिलाएं ऐसी भाजी और वनस्पतियों का सेवन करती हैं, जो बिना हल चलाए जमीन में प्राकृतिक रूप से उगती हैं। पूजा में पसहर चावल और छह प्रकार की भाजी एवं भुने हुए मोटे छह प्रकार के अनाज का विशेष महत्व माना जाता है।वहीं हलषष्ठी पर्व पर भैंस के दूध, दही और घी का भी विशेष महत्व है। महिलाएं व्रत के दौरान भैंस के दूध और दही को प्रसाद के रूप में ग्रहण करती हैं। पर्व को लेकर बाजार में भैंस का दूध करीब 200 रुपये किलो, दही 160 रुपये किलो और घी करीब 2 हजार रुपये किलो तक बिकने की जानकारी सामने आई है। पर्व की एक और खास परंपरा में महुआ के पत्तों से बने पत्तल-दोना और दातुन का उपयोग किया जाता है, जो छत्तीसगढ़ की ग्रामीण लोक संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी परंपराओं को दर्शाता है। व्रती महिलाओं में विशेष रूप से शिवानी वर्मा, वीणा चंद्रवंशी, सुनीता, सविता, चंपा, तिलोततमा, शकुनतला, पुजा, नितु, कविता सहित व्रती महिलाएं शामिल थी।



संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना

खरोरा। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक हलषष्ठी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को सगरी की पूजा-अर्चना की और संतान के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। हलषष्ठी व्रत के दिन महिलाओं ने सुबह स्नान कर पूजा-अर्चना के बाद व्रत धारण किया। दोपहर बाद विभिन्न मंदिरों में सहित विभिन्न स्थानों पर सगरी बनाई गई और उसमें पानी भरकर बेर, पलाश, गुलर आदि पेड़ों की टहनियों तथा काशी के फूलों से सजावट की गई। सगरी के सामने गौरी-गणेश, हलषष्ठी माता की मिट्टी की प्रतिमा और कलश स्थापित कर विधिवत पूजा की गई।पूजन के दौरान महिलाओं ने साड़ी एवं सुहाग सामग्री सहित विभिन्न पूजन सामग्री माता को अर्पित की। मंदिरों और मोहल्लों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से हलषष्ठी माता की कथा सुनी और संतान की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। जो महिलाएं मंदिर तक नहीं पहुंच सकीं, उन्होंने घर के आसपास सगरी बनाकर पूजा-अर्चना की। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि हलषष्ठी छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा पर्व है। यह पर्व मातृत्व, श्रद्धा और संतान के प्रति मंगलकामना का प्रतीक है। खरोरा और आसपास के क्षेत्रों में पर्व शांतिपूर्ण, धार्मिक आस्था और सद्भाव के वातावरण में संपन्न हुआ।





माताओं ने रखा निर्जला व्रत

भटगांव। कमरछठ का पर्व बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। दुर्गा मंदिर एवं राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित सामूहिक पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में माता-बहनों ने सहभागिता निभाई। माताओं ने अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। व्रती महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की तैयारियां कीं और सामूहिक रूप से पूजा स्थल पहुंचकर विधि-विधान से कमरछठ माता एवं भगवान बलराम का स्मरण किया। महिलाओं ने परिवार की सुख-शांति, संतान की दीर्घायु और निरोगी जीवन के लिए प्रार्थना की। विधिवत पूजन नगर भटगांव में आयोजित मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। माताओं ने परिवार और समाज में सुख शांति समृद्धि तथा संतान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। माता बहनों ने कहा कि कमरछठ उनके केवल धार्मिक ब्रत नहीं बल्कि अपनी संतान के प्रति प्रेम, ममता, और मंगलकामना की अभिव्यक्ति है। संतान के सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए वे श्रद्धा एवं विश्वास के साथ इस कठिन ब्रत का पालन करती है।



अंचल में मनाया गया हलषष्ठी का महापर्व

भवानीपुर। अंचल सहित सिसदेवरी, बम्हनी, चरौदा, मोहान, धौराभाटा, हरिनभट्ठा, लटेरा, रिवाडीह, मलपुरी, गिद्धपुरी, खपरी, भरूवाडीह, सहाड़ा, तमोरी सहित विभिन्न ग्रामों में हलषष्ठी कमरछठ का महापर्व श्रद्धा एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर दिनभर व्रत रखा। शाम करीब 4 बजे गांव के गुड़ी चौक में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर अपने बच्चों की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-शांति की कामना की। पंडित शेखराम शर्मा ने बताया कि हलषष्ठी कमरछठ का पर्व माताओं की श्रद्धा और संतान के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। इस दिन माताएं अपने बच्चों की लंबी आयु और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। पूजा में पारंपरिक वस्तुओं का विशेष महत्व होता है।पंडित रघुवर दास वैष्णव ने कहा कि कमरछठ छत्तीसगढ़ की लोकपरंपरा और संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। पूजा कार्यक्रम के दौरान पुष्प तिवारी, तन्नू चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, सुषमा चंद्राकर, सरोजनी चंद्राकर, सीमा फेकर, धनेश्वरी साहू, गायत्री साहू, भावना चंद्राकर, कंचन चंद्राकर, लता चंद्राकर, इंद्राणी तिवारी, भारती चंद्राकर, मोनिका चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



बच्चों के सुख-समृद्धि की कामना की

गिधौरी। गिधौरी, टुण्डरा सहित अंचल के गांवों में महिलाओं ने नये वस्त्र पहनकर संतान के लम्बी आयु के लिए कमरछठ हलषष्ठी का व्रत रखा। जगह-जगह पर महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा अर्चना कर कथा सुनी और अपने अपने पर पुत्र को पोता लगाया। पं. ने बताया गया की आज कृष्ण पक्ष षष्ठी को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। बलराम को शेषनाग का अवतार माना गया है। भगवान विष्णु के अधिकांश अवतारो में शेषनाग किसी किसी रूप में हमेशा अवतरित हुए।





टैक्सी चाहिए
रायपुर से बलौदाबाजार अर्जुनी रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, इको, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740